PUBLICATION NAME :	**Adhikar**
EDITION :	**Delhi**
DATE :	**03/09/2022**
PAGE:	**7**

10,000 हरित कारोबारों को खड़ा करने के लिए ईडीआईआई ने की कॉर्पोरेट्स के साथ साझेदारी

रवि सिब्बल/ अधिकार संवाददाता

नई दिल्ली, 2 सितम्बर। भारत सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त सेंटर ऑफ एक्सीलैंस एंटरप्रेन्योरशिप डेवलपमेंट इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया (ईडीआईआई) ने शुक्रवार को घोषणा की कि उसने 1000 दिनों में 100 जिलों में महिलाओं के नेतृत्व वाले 10,000 हरित कारोबारों को खड़ा करने के लिए कॉर्पोरेट्स के साथ साझेदारी की है। ईडीआईआई की ओर से नई दिल्ली में इंडिया इंटरनेशनल सेंटर में आयोजित एक सम्मेलन में यह घोषणा की गई। यह सम्मेलन 'टैक्नोलॉजी-एनेबल्ड वीमैन लीड ग्रीन बिजनेसेज' विषय पर आयोजित किया गया था।

सम्मेलन के दौरान दिन भर के सत्र में महिलाओं के नेतृत्व वाले ग्रीन एंटरप्राइजेज में अपनाए जाने वाले नवीनतम तौर-तरीकों पर विचार-विमर्श किया गया। साथ ही, महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के लिए

सामूहिक कार्रवाई करने और हरित कारोबारों को आगे बढ़ाने के लिए कम लागत वाली टैक्नोलॉजी का इस्तेमाल करने पर भी चर्चा की गई। इस सत्र में कॉर्पोरेट जगत से जुड़े सीएसआर हैड, पीएसयू, मंत्रालयों के वरिष्ठ अधिकारियों और अंतरराष्ट्रीय संगठनों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

उद्यमिता शिक्षा और स्किलिंग के क्षेत्र में अग्रणी संगठन ईडीआईआई समुदायों के समावेशी विकास को सुनिश्चित करने वाली अनेक विकासात्मक परियोजनाओं के कार्यान्वयन के लिए सरकारी मंत्रालयों और विभागों के सहयोग से काम करता है।

सामाजिक उद्यमिता और सीएसआर हमेशा संस्थान के लिए महत्वपूर्ण फोकस क्षेत्र बने हुए हैं। ईडीआईआई के डायरेक्टर जनरल डॉ. सुनील शुक्ला ने कहा, ईडीआईआई कारीगरों, बुनकरों, महिलाओं के स्टार्ट-अप और बेरोजगारों को उद्यमशीलता और कौशल विकास के प्रशिक्षण की सफलतापूर्वक पेशकश कर रहा है, जिससे उनके लिए स्थायी आजीविका विकल्प हो सके। हमें इस बात की खुशी है कि कॉर्पोरेट्स ने उद्यमशीलता की शक्ति का समर्थन किया। उनके सहयोग से हम उल्लेखनीय और बेहतर परिणामों के साथ प्रगति के पथ पर आगे बढ़ना जारी रखेंगे।''